हमारी वेबसाइट पर Visit करें – www.hindisahity.com www.gkhub.in

# NET/JRF HINDI MODEL PAPER-8

## टेस्ट – 8 सम्पूर्ण आधुनिक काल

1. मार्क्सवादी विचारधारा से किस वाद की उत्पति हुई ?
(अ) प्रयोगवाद (ब) प्रगतिवाद ☑
(स) नक्सलवाद (द) समाजवाद

2. छायावादी कवि, जो बाद में प्रगतिवादी बन गए–
(अ) पन्त–निराला ☑
(ब) प्रसाद–महादेवी वर्मा
(स) दिनकर–मुक्तिबोध
(द) इनमें से कोई नहीं

3. प्रगतिवादी काव्य की विशेषता नहीं है–
(अ) समाज का यथार्थ चित्रण
(ब) विद्रोह एवं क्रान्ति की भावना
(स) मानवतावादी दृष्टिकोण
(द) कल्पना की प्रचुरता ☑

4. 'फ्रॉयड के मनोविश्लेषण–सिद्धांत' का प्रभाव किस काव्यधारा पडा ?
(अ) प्रगतिवाद (ब) प्रयोगवाद ☑
(स) नई कविता (द) साठोत्तरी कविता

5. "प्रयोग सभी कालों के कवियों में किया है– किसी एक काल में किसी विशेष दिशा में प्रयोग करने की प्रवृत्ति स्वाभाविक ही है"–यह किसका कथन है ?
(अ) अज्ञेय ☑ (ब) रामचन्द्र शुक्ल
(स) नगेन्द्र (द) इनमें से कोई नहीं

6. निम्नलिखित में से कौन प्रगतिवादी कवि नहीं है ?
(अ) दिनकर (ब) नागार्जुन
(स) मुक्तिबोध (द) प्रसाद ☑

7. प्रयोगवादी काव्य की विशेषता क्या नहीं है ?
(अ) वैयक्तिकता की प्रधानता
(ब) अति यथार्थवाद
(स) कुण्ठा और निराशा
(द) प्रकृति का समग्र चित्रण ☑

8. नई कविता की प्रवृत्ति के अन्तर्गत 'पन्त' की कौन–सी रचना है ?
(अ) शिल्पी
(ब) चिदम्बरा
(स) कला और बूढ़ा चाँद ☑
(द) लोकायतन

9. साठोत्तरी कविता को किस अन्य नाम से भी अभिहित किया गया ?
(अ) अकविता
(ब) भूखी पीढ़ी की कविता
(स) असाठोत्तरीस्वीकृत कविता
(द) ये सभी ☑

10. निम्नलिखित में से क्या 'नई कविता' की विशेषता नहीं है ?
(अ) लघु मानववाद
(ब) तीक्ष्ण व्यंग्य
(स) भाषा–छन्द बिम्ब एवं प्रतीकों में नवीनता
(द) प्रकृति में चेतना का आरोप ☑

11. प्रकृति के रमणीय चित्रों के बजाय ग्रामीण जीवन का नग्न यथार्थ किस युग की कविताओं में प्रस्तुत किया गया ?
(अ) द्विवेदीयुगीन कविता (ब) छायावादी कविता
(स) प्रगतिवादी कविता ☑ (द) नई कविता

12. प्रगतिवाद के उदय में किन तत्वों का योगदान है ?
(अ) मार्क्सवाद का प्रभाव
(ब) छायावादी प्रलायन की प्रवृत्ति
(स) प्रगतिशील संघ की स्थापना
(द) उपरोक्त सभी ☑

13. प्रगतिवादी कविता में विशेषता नहीं है–
(अ) पूँजीवाद का विरोध
(ब) नारी सौन्दर्य का चित्रण ☑
(स) सामाजिक यथार्थ की अभिव्यक्ति
(द) शोषित वर्ग से सहानुभूति

हिन्दी साहित्य चैनल

YouTube हिन्दी साहित्य चैनल NET/JRF हिन्दी Whatsapp Group Join करें 9929735474

14. 'मोचीराम' कविता के कवि का नाम है–
(अ) दिनकर (ब) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
(स) धूमिल☑ (द) मुक्तिबोध

15. 'कुकुरमुत्ता' निराला की किस तरह की रचना है ?
(अ) श्रृंगार रस की (ब) व्यंग्यात्मक ☑
(स) वीर रस की (द) करुण रस की

16. 'कुरुक्षेत्र' में दिनकर ने किस उद्देश्य को प्रमुखता दी ?
(अ) शोषण के विरोध को
(ब) महाभारत की कथा को
(स) बदला लेने के भाव को
(द) युद्ध के मूल कारण और शान्ति के उपाय को ☑

17. "प्रयोग अपने आपमें इष्ट नहीं है, अपितु साधन है" उक्ति किसकी है ?
(अ) अज्ञेय ☑ (ब) मुक्तिबोध
(स) रामविलास शर्मा (द) इनमें से कोई नहीं

18. मुक्तिबोध की प्रारम्भिक रचनाएँ किस पत्रिका में छपी ?
(अ) कर्मवीर☑ (ब) विशाल भारत
(स) नई कविता (द) इनमें से कोई नहीं

19. 'गाँधी पंचशती' कविता–संग्रह के रचयिता कौन है ?
(अ) भवानी प्रसाद मिश्र ☑
(ब) अज्ञेय
(स) गिरिजा कुमार माथुर
(द) इनमें से कोई नहीं

20. 'शब्दों का अजायबघर' किस कविता का विशेषण है ?
(अ) छायावादी कविता (ब) नई कविता☑
(स) प्रगतिवादी कविता (द) प्रयोगवादी कविता

21. प्रयोगवादी कविता को 'ह्रासोन्मुख मध्यवर्गीय समाज का चित्र' किसने कहा ?
(अ) डॉ. रामदरश मिश्र☑
(ब) डॉ. नगेन्द्र
(स) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(द) इनमें से कोई नहीं

22. 'अर्द्धनारीश्वर' के रचयिता है–
(अ) पन्त
(ब) रामधारी सिंह दिनकर☑
(स) जयशंकर प्रसाद
(द) महादेवी वर्मा

23. 'कर्णफूल' और 'प्रवासी के गीत' के रचयिता है ?
(अ) रामधारी सिंह दिनकर
(ब) नरेन्द्र शर्मा☑
(स) गिरिजाकुमार माथुर
(द) सुमित्रानन्दन पन्त

24. 'नई कविता' के किस कवि को 'बचपन से ही विद्रोही स्वभाव' का माना जाता है ?
(अ) अज्ञेय
(ब) नरेन्द्र वर्मा
(स) गिरिजा कुमार माथुर
(द) मुक्तिबोध ☑

25. संस्कृत तथा बांग्ला में काव्य–रचना करने वाले हिन्दी के कवि है–
(अ) नागार्जुन ☑ (ब) मुक्तिबोध
(स) नरेन्द्र शर्मा (द) अज्ञेय

26. राजा शिवप्रसाद सिंह की भाषा थी–
(अ) अंग्रेजी युक्त हिन्दी
(ब) उर्दू मिश्रित हिन्दी☑
(स) संस्कृत मिश्रित हिन्दी
(द) इनमें से कोई नहीं

27. 'कवितावर्धिनी सभा' की स्थापना किसने की ?
(अ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र☑
(ब) बालकृष्ण भट्ट
(स) बद्रीनारायण
(द) प्रतापनारायण मिश्र

28. निम्नलिखित में से कौन भारतेन्दु का निबन्ध संग्रह नहीं है–
(अ) मित्रता
(ब) सूर्योदय
(स) कुछ आपबीती कुछ जगबीती
(द) गद्य कुसुमावली ☑

हिन्दी साहित्य चैनल

29. 'श्यामा स्वप्न' उपन्यास की रचना किसने की ?
(अ) ठाकुर जगमोहन सिंह☑
(ब) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(स) बालकृष्ण भट्ट
(द) प्रतापनारायण मिश्र

30. अम्बिकादत्त व्यास की काव्य–रचना है–
(अ) पावस पचासा (ब) सुकवि सतसई
(स) हो हो होरी (द) ये सभी ☑

31. 'कविता को मन के भावावेग का आसान तरीका' किसने बताया ?
(अ) श्यामसुन्दर दास (ब) महावीर प्रसाद द्विवेदी☑
(स) गुलाबराय (द) माधव मिश्र

32. काशी में बाबू श्यामसुन्दर दास ने किस सभा की स्थापना की ?
(अ) ब्राह्मण सभा (ब) नागरी प्रचारिणी सभा☑
(स) धर्म सभा (द) इनमें से कोई नहीं

33. निम्नलिखित में से कौन आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी का आलोचना–ग्रन्थ नहीं है ?
(अ) नाट्यशास्त्र (ब) हिन्दी नवरत्न
(स) रसज्ञ–रंजन (द) काव्य–मंजूषा ☑

34. ''चींटी से लेकर हाथी पर्यन्त पशु, भिक्षुक से लेकर राजा पर्यन्त मनुष्य, अनन्त आकाश, अनन्त पृथ्वी, अनन्त पर्वत सभी पर कविता हो सकती है'' यह कथन किसका है ?
(अ) रामचन्द्र शुक्ल (ब) महावीर प्रसाद द्विवेदी☑
(स) नगेन्द्र (द) हजारी प्रसाद द्विवेदी

35. द्विवेदी युग के किस कवि को राज्यसभा का सदस्य मनोनीत किया गया ?
(अ) महावीरप्रसाद द्विवेदी (ब) हरिऔध
(स) रत्नाकर (द) गुप्त ☑

36. ''छायावाद एक विशेष प्रकार की भाव पद्धति है, जीवन के प्रति एक विशेष भावात्मक दृष्टिकोण है''–यह विचार किसके है ?
(अ) रामचन्द्र शुक्ल (ब) डॉ. नगेन्द्र☑
(स) महादेवी वर्मा (द) इनमें से कोई नहीं

37. ''वेदना के आधार पर स्वानुभूतिमयी अभिव्यक्ति छायावाद है'' –यह विचार किसका है ?
(अ) जयशंकर प्रसाद ☑
(ब) सुमित्रानन्दन पन्त
(स) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला
(द) महादेवी वर्मा

38. मुकुटधर पाण्डेय को 'छायावाद का जनक' किसने कहा ?
(अ) रामचन्द्र शुक्ल☑ (ब) प्रसाद
(स) नगेन्द्र (द) इनमें से कोई नहीं

39. छायावादी कवियों में वेदना और पीड़ा की अधिकता के कारण किस प्रवृत्ति की प्रमुखता रही ?
(अ) पलायन की प्रवृत्ति☑
(ब) काव्य रचना की प्रवृत्ति
(स) भक्ति भावना की प्रवृत्ति
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

40. प्रसाद की किस रचना में सर्वप्रथम छायावादी प्रवृत्तियों के दर्शन होते है ?
(अ) आँसू (ब) लहर
(स) कामायनी (द) झरना ☑

41. ''दु:ख की पिछली रजनी बीच, विकसता सुख का नवल प्रभात''–यह पंक्ति छायावाद की किस रचना से ली गई है ?
(अ) कामायनी ☑
(ब) आँसू
(स) राम की शक्ति पूजा
(द) इनमें से कोई नहीं

42. ''परमात्मा की छाया आत्मा के पड़ने लगती है और आत्मा की छाया परमात्मा में, यही छायावाद है''–यह परिभाषा किसकी है ?
(अ) प्रसाद
(ब) रामचन्द्र शुक्ल
(स) महादेवी वर्मा
(द) रामकुमार वर्मा ☑

43. छायावाद में हास्य–व्यंग्यकार के रूप में प्रसिद्धि प्राप्त की–
(अ) बेचन शर्मा 'उग्र' (ब) निराला
(स) कान्तानाथ (द) बेढब बनारसी ☑

हिन्दी साहित्य चैनल

हमारी वेबसाइट पर Visit करें – www.hindisahity.com www.gkhub.in

44. अरविन्द दर्शन से कौन–सा कवि प्रभावित था ?
(अ) पन्त☑ (ब) प्रसाद
(स) निराला (द) महादेवी वर्मा

45. ''कविता करने की प्रेरणा मुझे सबसे पहले प्रकृति–निरीक्षण से मिली'' –यह कथन किस कवि का है ?
(अ) प्रसाद (ब) पन्त☑
(स) निराला (द) महादेवी वर्मा

46. निराला की रचना 'जूही की कली' को किस पत्रिका ने प्रकाशित करने से मना कर दिया था ?
(अ) सरस्वती☑ (ब) प्रभा
(स) इन्दु (द) चाँद

47. 'वियोगी होगा पहला कवि, आह से उपजा होगा गान।
निकलकर नयनों से चुपचाप, वही होगी कविता अनजान।।''
–उक्त पंक्तियाँ किस कवि की है ?
(अ) प्रसाद (ब) पन्त☑
(स) निराला (द) महादेवी वर्मा

48. ''धिक जीवन जो पाता ही आया है विरोध।
धिक साधन जिसके लिए सदा ही किया शोध।।''–यह पंक्ति किस कवि की है ?
(अ) प्रसाद (ब) निराला☑
(स) पन्त (द) महादेवी वर्मा

49. ''मैं नीर भरी दुख की बदली, उमड़ी कल थी मिट आज चली''–यह पंक्ति किस कवि की है ?
(अ) प्रसाद (ब) पन्त
(स) महादेवी वर्मा☑ (द) निराला

50. किस कवि ने स्वयं को 'मैं ही बसन्त का आग्रदूत' कहा है ?
(अ) निराला☑ (ब) प्रसाद
(स) पन्त (द) बच्चन

हिन्दी साहित्य चैनल

YouTube हिन्दी साहित्य चैनल NET/JRF हिन्दी Whatsapp Group Join करें 9929735474